अभ्यास प्रश्न पत्र–III

राजनीति शास्त्र

कक्षा : XI

समयः 3 घंटे **पूर्णांकः 100**

1. संविधान के बिना राज्य की स्थिति कैसी होगी? 1
2. मौलिक अधिकार किसे कहते है? 1
3. आर्थिक व सामाजिक न्याय में एक अंतर लिखें। 1
4. विकास मे प्रमुख प्रतिरूप क्या है? 1
5. भारतीय संविधान में प्रस्तावित 'धर्म निरपेक्ष' शब्द कब जोड़ा गया? 1
6. ब्रिटिश संविधान से भारतीय संविधान से कौन–कौन सी व्यवस्थाएं ली गई है? 2
7. व्यस्क मताधिकार से आप क्या समझते है? कोई एक लाभ भी बताइए।
8. राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति के संदर्भ में लिखे। 2
9. राजनीति विज्ञान के छात्र हेतु राजनीति सिद्धान्त की क्या आवश्यकता है? 2
10. अवसर की समानता को परिभाषित करें? 2
11. 'शस्त्रों की होड़' विश्व में शांति कायम करने में सहायक हो सकती है। कथन के पक्ष विपक्ष में दो–दो तर्क दें। 4
12. नागरिक व विदेशी में क्या अन्तर है। किसी नागरिक के किन्हीं तीन अधिकार लिखें? 4
13. 'स्वतंत्रता के बिना मौलिक अधिकारों का कोई महत्व नहीं'– स्पष्ट करे? 4
14. भारतीय संविधान के आधारभूत तत्वों अथवा लक्षणों का वर्णन करें? 4
15. पंचायती राज व्यवस्था क्या है? इसकी किन्हीं तीन कमियों का वर्णन करें? 4
16. दल–बदल विरोधी कानून 1985 की कौन–कौन सी विशेषता आपको प्रभावी लगती है? 4

17. भारत के पाँच केन्द्र शासित प्रदेशों के नाम लिखो? 5

18. भारत में द्वि सदनात्मक राज्यों के नाम लिखो?

19. भारतीय चुनाव प्रणाली में जो दोष पाये जाते है, उनको दूर करने के लिए जो कदम उठाये गए है उनके वंछित परिणाम समाने आने लग गए है। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव आचार संहिता का पालन किया जाने लगा है। पहचान–पत्र भी जारी कर दिए गए है, काले धन तथा बाहुबल के प्रयोग पर भी अंकुश लगने लगा है?

    1) भारतीय लोकतंत्र में किस मतदान प्रणाली का प्रयोग किया जाती है? 1

    2) मतदान की दोनों प्रणालियों का नाम लिखें व परिभाषित करें। 2

    3) भारतीय चुनाव प्रणाली के कोई चार दोष लिखें? 2



20. 1) राष्ट्रवाद से आप क्या समझते है? 1

    2) प्रथम अनुच्छेद में विश्व की कौन–सी विशेषता का उल्लेख किया गया है? 2

    3) दो ऐसे उदाहरण दो जो राष्ट्रों की प्रासंगिकता को प्रभावित करते हों? 2

21. भारत में राजपत्रित अवकाशों की सूची धर्मनिरपेक्षता की झलक को दिखाती है?

    'अवकाश का नाम अर्थात् त्यौहारों के नाम'

    ईद–उल–जुहा, गणतंत्र दिवस, मुहर्रम, होली, राम नवमी, महावीर जयंती, मिलाद–उल–नबी, गुड फ्राईडे, बुद्ध पूर्णिमा, स्वतंत्रता दिवस, जन्माष्टमी, महात्मा गांधी जन्म दिवस, दशहरा, महर्षि वाल्मीकि जन्म दिवस, दीपावली, ईद–उल–फितर, गुरूनानक जन्म दिवस, क्रिसमस।

    1) राष्ट्रीय अवकाशों के नाम लिखें? 1

2) उपरोक्त पंक्तियों में कौन–कौन से धर्मों की झलक मिलती है? 2

3) उपरोक्त पंक्तियों के संदर्भ में अपने विचार लिखें? 2

22. संविधान की प्रमुख विशषताएं लिखें।

अथवा

भारत की चुनाव प्रणाली की मुख्य विशेषताएं कौन–कौन सी हैं? 6

23. संसदीय सरकार के प्रमुख लक्षणों को भारतीय संदर्भ में विवरण प्रस्तुत करें?

अथवा

भारत के संविधान में संशोधन प्रक्रिया का वर्णन करें? 6

24. हमें राजनीति सिद्धान्त के अध्ययन की विषय वस्तु में कौन–कौन से विषय व बिन्दु शामिल करने चाहिये।

अथवा

स्थानीय शासन किसे कहते है। इनके विभिन्न स्तरों की व्याख्या करें।6

25. ''संविधान एक जीवंत दस्तावेज है''। क्यूं? और कैसे? स्पष्ट करें?

अथवा

शांति के मार्ग में आने वाली बाधाएं कौन–कौन सी हैं? उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है? 6

26. लोकसभा, कार्यपालिका को राज्यसभा की तुलना में क्यों कारगर ढंग से नियन्त्रण में रख सकती है?

अथवा

वैश्विक नागरिकता की अवधारणा द्वारा आज शरणर्थियों की समस्या का समाधान हो सकता है। कैसे? 6

27. राष्ट्रवाद के गुणों व दोषों का वर्णन करें?

अथवा

क्या विद्यार्थियों को राजनीति में भाग लेना चाहिऐ? यदि हां तो क्यूं? यदि नहीं तो क्यों? स्पष्ट करें? 6